# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 अक्टूबर 2023, मंगलवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा सिकंदराबाद, तेलंगाना में प्रोफेशनल्स और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ संवाद में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**मजलिस से निजात पानी है और जनता का कल्याण करने वाली सरकार लानी है तो एक मात्र रास्ता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे कमल फूल की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है।**

************************

**तेलंगाना की जनता को तय करना है कि अगले पांच वर्षों तक तेलंगाना में देश को मजबूती देने वाली भाजपा शासन करेगी या भ्रष्ट-घोटालेबाज बीआरएस और कांग्रेस। केसीआर की पार्टी का एक ही लक्ष्य है कि कविता को जेल जाने से बचाना और केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना।**

************************

**जिस गाड़ी का स्टिरिंग मजलिस के हाथ में होगा, वो तेलंगाना को सही दिशा में नहीं ले जा सकती, जिस गाड़ी का स्टिरिंग राष्ट्रवादी ताकत के हाथ में है वही तेलंगाना को सही रास्ते पर ले जा सकती है। रोजगार के वादे पर विफल रहे केसीआर को तेलंगाना की जनता से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है।**

************************

**प्रधानमंत्री मोदी जी ने परिवार की पॉलिटिक्स को समाप्त करके पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस को स्थापित किया है। मोदी जी इतने लोकप्रिय हैं कि दुनिया में चाहे कोई भी आपदा आए, कई देश प्रधानमंत्री मोदी की सलाह मानते हैं।**

************************

**तेलंगाना में बीजेपी की सरकार बनने के बाद, हर 17 सितंबर को प्रदेश के हर जिले-गांव में हैदराबाद विमोचन दिवस मनाया जाएगा।**

************************

**भारत आज सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक, हरित हाइड्रोजन का उत्पादन, ड्रोन तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान और अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।**

************************

**भारत आज दुनिया में दूसरे नंबर पर मोबाईल बनाने वाला, तीसरा सबसे ज्यादा स्टार्ट उप रखने वाला और चौथा रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादक है। प्रधानमंत्री श्री  नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं को, दुनिया के युवाओं से मुकाबला करने के लिए एक मजबूत मंच देने का काम किया है।**

************************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को सिकंदराबाद, तेलंगाना में प्रोफेशनल्स और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ संवाद किया और उनसे तेलंगाना के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में

सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री जी किशन रेड्डी, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद सैयद जफ़र इस्लाम सहित पार्टी के कई गणमान्य नेता उपस्थित थे।

श्री शाह ने तेलंगाना की जनता के सामने तीन विकल्प हैं - पहला भारतीय जनता पार्टी है, दूसरा कांग्रेस और तीसरा वर्तमान में शासन कर रही बीआरएस है। आपने कांग्रेस और बीआरएस, दोनों का शासन देखा है। दोनों ने यहाँ के गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के लिए कुछ भी नहीं किया। आपने केंद्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार देखी है। एक मौक़ा तेलंगाना में भी दीजिये, हम तेलंगाना को 5 साल में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार करेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने 2013 में देश के परिदृश्य को याद दिलाते हुए कहा की देश में उस समय कांग्रेस के नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और सारी वंशवादी पार्टियों का जमघट 10 साल से देश पर शासन कर रहा था। 2013 में इस देश की स्तिथि क्या थी, इससे हम सभी अवगत हैं। तत्कालीन समय में देश के अंदर एक अविश्वास फैला था कि भारत का भविष्य क्या होगा। कांग्रेस के शासन में कभी हाई कोर्ट के द्वारा, कभी सुप्रीम कोर्ट के द्वारा तो कभी विजिलेन्स कमीशन के द्वारा कुल 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार एक के बाद एक बाहर आ रहे थे। जनता के बीच में एक भारी अविश्वास का माहौल बन गया था, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हमारी सृष्टि पूरी धाराशाही हो गई है। आगे श्री अमित शाह ने कहा कि देश कि सुरक्षा का कोई ठोर ठिकाना नहीं था, देश की राजधानी दिल्ली में भी महिला सुरक्षित नहीं थी, आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह चरमराई हुई थी, आए दिन पाकिस्तान के आतंकवादी देश के अंदर घुस कर बम-धमाका करते थे, जवानों के सिर काट कर ले जाते थे, दिल्ली की सरकार में मौनी बाबा मनमोहन सिंह उफ्फ तक नहीं करते थे, विदेशों के अंदर देश की साख नीचे जा रही थी, युवाओं मे तत्कालीन सरकार के खिलाफ आक्रोश था, महिलायें असुरक्षित थी, घपले घोटालों व करप्शन से देश आतंकित था, आज सरकार के 9 साल में हमारे विरोधी भी नरेन्द्र मोदी जी पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा पाए।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान को अंदर घुसकर बड़े-बड़े धमाके करने की आदत थी। लेकिन उरी और पुलवामा के जवाब में देश की सेना ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को मुह तोड़ जवाब दिया। आगे उन्होंने कहा कि पहले भारत के प्रधानमंत्री जब विदेश दौरों पर जाते थे तब उस देश के राष्ट्राध्यक्ष के कैलंडर मे उसका उचित स्थान तक नहीं होता था। लेकिन आज G-20 की अध्यक्षता में भारत के सम्मान के हम सब प्रत्यक्षदर्शी रहें हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की समाधि पर जब 20 से ज्यादा देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक साथ सम्मान दे रहे थे, उस वक्त हर भारतीय कि छाती फूल गई थी। दुनिया मे कोई भी समस्या हो, ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण का मसला, सोलर अलाइअन्स, ग्रीन एनर्जी, या आतंक के खिलाफ की लड़ाई लड़नी हो, सभी मंचों पर भारत के प्रधानमंत्री क्या बोलते है, इसकी दुनिया राह देखती है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जो बोलते हैं, उस रास्ते पर दुनिया के देश आज चलने के लिए तैयार रहते हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल की नाकामियों का उल्लेख्य करते हुए कहा कि देश का अर्थतंत्र, पॉलिसी परैलिसिस के कारण चरमराया हुआ था। अटल जी के कार्यकाल मे देश का अर्थतंत्र को 11 वें स्थान पर था लेकिन 10 साल तक अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जी ने अपने शासन में देश के अर्थ तंत्र को 11 वे नंबर से 10 वें नंबर तक ले जाने में भी विफल रहे। साल 2014 में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके नेतृत्व में 9 साल के अंदर इस देश का अर्थ तंत्र 11 वें नंबर से 5वें नंबर पर पहुँच गया है। मझे पूरा भरोसा है की 3 साल के अंदर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। श्री अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासन काल में भारत की विदेश नीति अस्पष्टताओं से भारी हुई थी, विदेश नीति और सुरक्षा नीति के बीच में असमंजस बना रहता था। मोदी जी ने भारत की विदेश नीति को स्पष्ट कर दिया, हम दुनिया के साथ सबसे अच्छे रिश्ते चाहते है मगर भारत की सीमाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, भारत की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसी स्पष्ट विदेशनीति की साथ हम आगे बढ़े हैं।

श्री शाह ने सिकंदराबाद के बुद्धिजीवियों और प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 25 साल में जो क्षेत्र दुनिया के अर्थ तंत्र की दिशा तय करने वाले हैं। सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन टेक्नॉलजी, अंतरिक्ष के विज्ञान का उपयोग कर अर्थतंत्र को मजबूत करने कि दिशा में आज भारत ने Pioneer स्टैटस प्राप्त कर लिया है। और इस नीव पर आने वाले 25 साल में हम दुनिया का प्रमुख अर्थ तंत्र बनने जा रहे हैं। श्री अमित शाह ने कहा कि कभी दुनिया कल्पना नहीं कर सकती कि भारत में 9 साल के

अंदर इतने यूनिकॉर्न स्टार्टउप बन सकते हैं। आज भारत के युवाओं को विश्व के युवाओं से स्पर्धा करने के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म देने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। 9 साल में देश की परिस्थिति में आमूलचूक परिवर्तन हुआ है। एक प्रामाणिक, दूरदर्शी, मेहनती और जनता के जुड़ा हुआ संवेदनशील नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश को किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों पर बात करते हुआ कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों के आधार पर चलने वाली पार्टी है। इसके साथ ही उन्होंने केसीआर पर हमला करते हुआ कहा कि केसीआर अपनी पार्टी के सिद्धांतों की घोषणा करें और बताएं की किस पॉलिसी पर उनकी पार्टी चलती है। इनकी पार्टी का एक ही लक्ष्य है कि कविता को जेल जाने से बचाना और केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना। ये परिवरवादी पार्टियां लोकतंत्र का भला नहीं कर सकतीं। लोकतांत्रिक पार्टियों का चोला पहनकर यह लोग अपने परिवार की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। जिस पार्टी के संगठन में ही लोकतंत्र नहीं है वो पार्टी लोकतंत्र के प्लेटफॉर्म का उपयोग जनता के कल्याण के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के कल्याण के लिए ही कर सकती है।

श्री शाह ने कहा कि मैं तेलंगाना की जनता को निवेदन करने आया हूँ, यहां समाज के प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी वर्गों के लोग बैठें हैं, आप लोगों को तय करना है की तेलंगाना को किस दिशा में ले जाना है। आप लोगों को तय करना है कि तेलंगाना का भविष्य किस पार्टी के हाथ में जाएगा, जिस पार्टी की गाड़ी का स्टिरिंग मजलिस के हाथ में हो, वो तेलंगाना को सही दिशा मे कभी नहीं ले जा सकती, जिस पार्टी का स्टिरिंग राष्ट्रवादी ताकतों के हाथ में होगा केवल वही तेलंगाना को सही रास्ते पर ले जाने में सक्षम है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि अभी आजादी के 75 साल पूरे हुए हैं और आजादी का अमृत महोत्सव मोदी जी ने बड़े धूम धाम से मनाया। अमृत महोत्सव मनाने के बाद उन्होंने देश की जनता को आवाहन किया की आने वाले 2047 तक के 25 साल आजादी का अमृतकाल है, और आजादी के अमृतकाल संकल्प लेने का समय है और संकल्प को सिद्धि में परिवर्तित करने का समय है। उन्होंने 130 करोड़ भारतीयों के सामने लक्ष्य रखा की सभी क्षत्रों के अंदर जब देश आजादी की शताब्दी मना रहा हो तब तेलंगाना की जनता हो या देश की जनता को ये तय करना है की देश किसके हाथ मे सौंपना है। अपने परिवार के बारे में सोचने वाले लोगों के हाथ में देना है या समग्र देश के गरीब से गरीब व्यक्ति को आगे बढ़ाने की सोचन रखने वाली पार्टी के हाथ में देना है। 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने भले नेतृत्व के हाथ में देना है या एक भी घोटाले किये बिना 10 साल शासन कर के चट्टान की तरह मजबूत भारत की रचना करने वाले नेतृत्व के हाथ में देना है।

श्री शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस देश में 60 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके घर मे बैंक अकाउंट नहीं था। लगभग 60 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पास शौचालय नहीं था, अपना घर नहीं था, पीने का पानी नहीं था, घर में गैस का सिलिन्डर नहीं था, स्वास्थ्य की सुविधाएं नहीं थीं, जिनके खाने के लिए अनाज मुहैया नहीं करवाया जाता था। इन 9 वर्षों के अंदर, बीजेपी सरकार ने 10 करोड़ परिवारों को घर दिया, 9 करोड़ लोगों को गैस का सिलिन्डर दिया, 12 करोड़ शौचालय बनाए, 3 करोड़ घरों के अंदर बिजली पहुंचाई और 60 करोड़ लोगों का 5 लाख तक का पूरा स्वास्थ्य का खर्च नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने वहन किया और प्रति व्यक्ति को प्रति माह 5 किलो अनाज देने की भी व्यवस्था की जिससे कोई भी बच्चा भूखा न सोये। अभी-अभी प्रकाश जावडेकर जी कोरोना की बात कर रहे थे जब कोरोना आया तब मैं भी मोदी जी के नेतृत्व में व्यवस्था में शामिल थे। कोरोना काल में पश्चिम और यूरोप के देश अपने देश की चिंता नहीं कर रहे थे, कहते थे भारत का क्या होगा, 130 करोड़ की आबादी का क्या होगा क्योंकि हमारे देश का हेल्थ इन्फ्रस्ट्रक्चर सही नहीं था, लेकिन जब कोरोना समाप्त हुआ तब सारी दुनिया ने स्वीकार किया कि कोरोना के सामने सबसे अच्छी लड़ाई नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने लड़ी है। जब मोदी जी ने देश के नाम संदेश दिया की दिये जलाओ राहुल बाबा मजाक उड़ाते थे, मोदी जी ने जनता कर्फ्यू का आह्वाहन किया तो केसीआर मजाक उड़ाते थे, मोदी जी ने घंटी बजाकर जाग्रति लाने की बात की तो केटीआर ने हास्यास्पद निवेदन किया था। मोदी जी ने कोरोना का वैक्सीन देने की शुरुआत की तो राहुल गांधी ने कहा कि यह तो मोदी वैक्सीन है इस पर भरोसा मत करिए, अमेरिका जैसे देशों में भी वैक्सीनेशन और सर्टिफिकेशन में कई दिन लग गए, मगर भारत के अंदर 130 करोड़ लोगों का वैक्सीन चाहे अरबपति हो या गरीब हो, सबको देने की व्यवस्था हुई और मोबाईल पर मोदी जी के हंसते फोटो के साथ सर्टिफिकेट ऑनलाइन आया। टेक्नॉलजी का उपयोग शासन के अंदर किस प्रकार से किया जा सकता है उसका उत्कृष्ट उदाहरण दुनिया के सामने नरेन्द्र मोदी जी ने प्रस्तुत किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि G20 में सारी दुनिया के राष्ट्राध्यक्ष यहाँ आए थे और चकाचौंध थे कि आपकी अनलाइन पेमेंट और डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था इतनी जल्दी भारत जैसे देश में कैसे आ गई, किसी राष्ट्राध्यक्ष की पत्नी ने दिल्ली के बाजार मे सब्जी वाले की ठेलों पर युपीआई का सिम्बल देखा और यह ट्वीट किया, की 'यह परिवर्तन मोदी जी लेकर आए हैं'। श्री अमित शाह ने कहा की मैं बचपन से सार्वजनिक जीवन में हूँ और G20 के पहले जब चंद्रयान चंद्रमा पर सफलता के साथ उतरा, भारत के हर बच्चे ने इस सफलता के साथ अपने आप को जोड़ लिया, हर बच्चे, आदमी, महिला का हृदय गर्व से भर गया की भारत चंद्रमा पर पहुँच गया। इतने लंबे सार्वजनिक जीवन मे यह माहौल शायद 1983 में जब कपिल देव के नेतृत्व में वर्ल्ड कप जीते थे, तब एसा माहौल बना था। उन्होंने अपना निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह चंद्रयान की सफलता के बाद हनुमान मंदिर में दर्शन करने गए तो, एक माई जो भिक्षा मांगती थी उसने भिक्षा लेने से माना कर दिया और कहा की आज हमारा यान चंद्रमा पर पहुँच गया आज कुछ नहीं लूँगी, यह संतोष जो देश के नागरिक को है, देश के विकास के साथ और देश की सिद्धियों के साथ जोड़ने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

श्री शाह ने कहा कि G20 के सफलता के बाद सारी दुनिया के राष्ट्राध्यक्ष जब भारत की व्यवस्था, सुरक्षा, अर्थतन्त्र और विदेश नीति की प्रशंसा करते हैं तो मन खुशी से फूल जाता है, अभी-अभी नई पार्लियामेंट का लोकार्पण और पार्लियामनेट में पहला बिल इस देश की मातृशक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मोदी जी लेकर आए, पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है की भारत जैसे देश में सर्वानुमात से इतनी सरलता से महिला आरक्षण कैसे हो सकता है, लेकिन कहते हैं न कि दम है तो सब मुमकिन है बच्चे इसलिए नारा लगाते हैं की मोदी है तो मुमकिन है। आगे श्री अमित शाह ने कहा की कई ऐसे मामले हैं जो देश में सालों से अटके हुए थे और मेरी आयु के लोग सोचने लगे थे की ये कभी होगा या नहीं होगा, जबसे इस देश का संविधान बना, हर नागरिक की इच्छा थी की धारा 370 समाप्त हो जाए, मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल मे 5 अगस्त 2019 को इस एतिहासिक गलती को समाप्त करते हुए संसद में धारा 370 समाप्त कर दी। आज कश्मीर में एक साल में 1 करोड़ 80 लाख पर्यटक जाते हैं और कश्मीर में आतंकवाद समाप्ति की कगार पर खड़ा है। जो लोग कहते थे कि धारा 370 को हाथ लगाओगे तो खून की नदियां बह जाएगी, किसी को कंकड़ तक चलाने की हिम्मत नहीं हुई। इसके बाद श्री अमित शाह ने कहा कि 550 साल से लोग राह देखकर बैठे थे की अयोध्या में जहां प्रभु श्री राम का जन्म हुआ था, वहाँ भव्य राम मंदिर बनना चाहिए, कितना लंबा संघर्ष, शायद दुनिए में इतना बड़ा आंदोलन किसी एक मुद्दे पर कहीं नहीं चला होगा, लाखों लोगों का बलिदान और खून का एक कतरा बहाए बिना मोदी जी ने वहाँ भूमि पूजन भी कर दिया और जनवरी मे प्रभु श्री राम का मंदिर भी बन जायेगा। इसके बाद श्री अमित शाह ने बताया कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पहले अमेरिका और इस्राइल के लिए रिजर्व माना जाता था, लेकिन मोदी जी ने इन देशों के नाम के साथ हमारे देश भारत का नाम जोड़कर हमारे देश को सुरक्षित बनाया। यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि एक विचारधारा के आधार पर चलने वाली पार्टी शासन कर रही है, एक मजबूत, पारदर्शी, प्रमाणिक मेहनती और संवेदनशील नेतृत्व एस देश का नेतृत्व कर रहा है, इसलिए मोदी जी के नेतृत्व में भारत दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। आज दुनिया में दूसरे नंबर पर मोबाईल बनाने वाला देश भारत है, तीसरा सबसे ज्यादा स्टार्ट उप देने वाला देश भारत है, रिन्यूएबल एनर्जी में हम चौथे नंबर पर पहुंचे गए हैं। कई प्रकार की सिद्धियाँ हमारे देश के अंदर हमने प्राप्त की है, मोदी जी ने परिवार की पॉलिटिक्स को समाप्त करके पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस को स्थापित किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विपक्षी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा की सारे विपक्षी दल एक साथ आ गए हैं क्योंकि इनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है, ये सारी परिवरवादी पार्टियां अपनी अगली पीढ़ी के लिए राजनीति में हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी राजनीति में भारत माता को विश्व में सबसे पहले स्थान पर पहुँचाने के लिए है। जब उद्देश्य ही परिवार का कल्याण करने का हो तो जन कल्याण नहीं हो सकता है और मैं तेलंगाना की जनता को यही कहने आया हूं। आंतरिक लोकतंत्र को परिवारवादी पार्टियां जिनकी कोई नीति न हो ऐसी पार्टियों के हाथ में तेलंगाना को मत दीजिए। आगे केसीआर पर निशाना साधते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि केसीआर ना लोगों को रोजगार के अवसर दे पाएं ना उनकी भर्ती पूरी कर पाए। केसीआर साहब आपको तेलंगाना की जनता से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है इसलिए आज मैं आपके सबके सामने आया हूँ, आपका मत सिर्फ एक वोट नहीं है, आपका वोट अनेक लोगों का मार्ग दर्शन करेगा। मजलिस से निजात पानी है और जनता का कल्याण करने वाली सरकार लानी है, तो एक मात्र रास्ता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे कमल फूल की भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है।